# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय,अजमेर

कमांकःएफ–14( )शैक्ष.II / मदसविवि / 2021 / 2617-2930 दिनांकः 12.02.2021

**अतिआवश्यक**

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर ।

विषयः– **छात्रवृत्ति पोर्टल खुलवाने हेतु शपथ पत्र भिजवाने बाबत्।**

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि संलग्न शपथ–पत्र पर अण्डरटेकिंग विश्वविद्यालय में 05 दिवस में भिजवाने का श्रम करे साथ ही **dracad.mdsu@gmail.com** पर ई–मेल करने का श्रम करें।

जिन महाविद्यालयों द्वारा अभी तक स्कॉलरशिप पोर्टल पर मेपिंग नहीं की है **वे शीघ्र ही आवश्यक रूप से मेपिंग करें** तथा जिन महाविद्यालयों द्वारा स्कॉलरशिप पोर्टल पर मेपिंग कर दी है एवं विश्वविद्यालय द्वारा आपत्ति दर्ज की है उन समस्त आपत्तियों को पूर्ण करते हुए पुनः मेपिंग करें, जिससे विद्यार्थियों के स्कॉलरशिप के फार्म भरे जा सके जिससे कोई भी छात्र स्कालरशिप फार्म भरने से वंचित न रहे।

कृपया उक्त शपथ–पत्र मय संलग्नक के पांच दिवस में प्रस्तुत करें संलग्न शपथ–पत्र हिन्दी में टाईप शुदा यथानुरूप प्रस्तुत करें, इसमें कोई परिवर्तन मान्य नहीं होगा। शपथ–पत्र नोटेरी द्वारा प्रमाणित एवं पूर्ण हो।

उक्त के अभाव में यदि कोई छात्र स्कॉलरशिप से वंचित रहता है तो **समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।**

भवदीय,

संलग्नः शपथ–पत्र का प्रारूप

उप कुलसचिव(शैक्ष–II)

(रुपये 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर )
नोटेरी द्वारा प्रमाणित

# शपथ–पत्र

1. मैं.......................................................................(सचिव/अध्यक्ष का नाम) शपथ पूर्वक प्रस्तुत करता हूँ कि....................................................................................(संस्था का नाम) का संस्था सचिव/अध्यक्ष के बतौर निम्नलिखित अभिकथन देता हूँ कि हमारी संस्था के द्वारा संचालित ....................................................................................(महाविद्यालय का नाम) की अस्थाई सम्बद्धता वर्ष ...................................... से निम्न पाठ्यक्रमों ....................................................................................(पाठ्यक्रमों का नाम) में लम्बित है ।

2. मैं.............................................................. (सचिव/अध्यक्ष का नाम) यह अभिकथन करता हूँ कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों की शैक्षणिक सत्र.................................. की अस्थाई सम्बद्धता वृद्धि का आवेदन पत्र मय सम्बद्धता शुल्क उक्त पाठ्यक्रमों का म0द0स0विश्वविद्यालय, अजमेर में जमा करवा चुका हूँ जिसकी रसीद की प्रति संलग्न है।

3. यह कि हमारे महाविद्यालय को राज्य सरकार/उच्च शिक्षा विभाग/कॉलेज आयुक्त, जयपुर द्वारा वर्ष................................. का अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी कर दिया गया है, जिसकी सत्यापित प्रति संलग्न है।

4. मैं शपथ पूर्वक अण्डरटेकिंग प्रस्तुत करता हूँ कि मेरे उक्त महाविद्यालय के विरूद्ध यदि कोई शुल्क/आर्थिक दण्ड आदि बकाया है एवं महाविद्यालय स्तर पर निर्धारित संसाधनों/शैक्षणिक स्टाफ/ अन्य कमियों को यथा शीघ्र (15 दिवस में) जमा/प्रतिपूर्ति कर सत्यापित दस्तावेज प्रस्तुत कर दूंगा।

5. हमारे महाविद्यालय में विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत सीटों से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया है । स्वीकृत छात्र संख्या/सीटों के लिए ही हमारे महाविद्यालय द्वारा छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन अग्रेषित/सत्यापित/प्रस्तुत किये जायेंगे।

मैं ............................................ शपथ पूर्वक अभिलिखित करता हूँ कि महाविद्यालय द्वारा उक्त शपथ–पत्र में वर्णित कथन/विवरण/संलग्न दस्तावेज पूर्णतया सत्य हैं एवं किसी भी तथ्य को महाविद्यालय द्वारा छिपाया नहीं गया है। मैं यह भी शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि किसी भी प्रकार की अनियमितता/विसंगति/कमी के लिए हमारी संस्था पूर्ण रूप से जिम्मेदार रहेगी एवं विश्वविद्यालय हमारे विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

दिनांक: .......................

संस्था प्रधान/सचिव/अध्यक्ष

स्थान : .......................

के हस्ताक्षर मय मोहर

आधार नं0..................................

गवाह 1. ................................. आधार नं0.........................................

गवाह 2. ................................. आधार नं0.........................................